कोटा के स्टार्टअप को मिली शार्क टैंक से फंडिंग, इन्क्यूबेटर सेंटर में जश्न

कोटा 24 जनवरी। टीवी चैनल सोनी पर देश के बहुचर्चित शो शार्कटैंक सीजन 2 में कोटा के स्टार्टअप ''एकत्र'' की फाउंडर टीम ऐश्वर्या और मीनाक्षी को मौका मिला एवं उनके स्टार्टअप को शार्क टैंक से फंडिंग भी मिली है। उक्त स्टार्टअप द्वारा सस्टेनेबल स्टेशनरी और जीवनशैली को आकर्षक बनाने वाले उत्पादों को निर्मित कर बेचा जाता है। उप निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी मनोज कुमार मीना ने बताया कि यह स्टार्टअप अपने उत्पादों के माध्यम से ग्रहणियों के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर को बढ़ाने के क्षेत्र में काम करता है। उन्होंने बताया की यह स्टार्टअप राज्य सरकार द्वारा संचालित अत्याधुनिक इन्क्यूबेटर सेन्टर में पंजीकृत है एवं इसकी फाउंडर टीम अपने कार्य के प्रति बहुत अधिक लगन व मेहनत से कार्य कर रहे हैं। कम्पनी के प्रयासों को शार्क टैंक के निर्णायकों द्वारा काफी सराहना मिली साथ ही फंडिंग भी प्राप्त हुई है। इससे सेन्टर में जश्न का माहौल है एवं सेन्टर में पंजीकृत अन्य क्षेत्रों से जुड़े स्टार्टअप्स् के प्रयासों को काफी मनोबल मिला है। उन्होंने बताया कि इस शो का लाईव प्रसारण मंगलवार 24 जनवरी को रात्रि 10 बजे किया जाएगा। जैसे ही एकत्र की फाउंडर टीम शार्क्स के समक्ष उपस्थित हुई, सभी के चेहरे खिल उठे। फंडिंग का चेक प्राप्त होते ही इनक्यूबेटर में उपस्थित सभी ने एक दूसरे को बधाई दी और मिलकर जश्न मनाया।